सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 27.06.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये उकसाने वाले 01 वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं **थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस** द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादिनी आशा देवी पत्नी सोनू कुमार निवासी नारायण अड्डा न्यू कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर सूचना दी गयी कि **दिनांक 21.05.2024** को वादिनी की बेटी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के संबंध में थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रेम संबंध के चलते वादिनी की पुत्री द्वारा आत्महत्या की गयी है। जिसके सम्बन्ध में **थाना फ्रेंण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 123/2024 धारा 306 भादवि** पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें दिनांक 23.06.2024 को गठित पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये **अभियुक्त शनि पुत्र अरविन्द कुमार** गिरफ्तार किया जा चुका है, शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 27.06.2024 को गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा **मु0अ0सं0 123/2024 धारा 306 भादवि से संबंधित अभियुक्त बालकिशन उर्फ वी.के ट्रेलर्स को कोकपुरा सर्विस रोड के पास से समय 11.45 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. बालकिशन उर्फ वी.के ट्रेलर्स पुत्र रामप्रताप निवासी यशोदा नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा हाल निवासी नारायण नगर सती मोहल्ला के पास थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र 53 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 123/2024 धारा 306 भादवि थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरीक्षक श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा, उ0नि0 राजकुमार सिंह, हे0का0 रविशंकर, का0 अंकित कुमार।